आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्प्लेक्स, कफ़ परेड, मुंबई **400 005**

बैंक के सभी सदस्यगण,

विषयः कॉरपोरेट अभिशासन में हरित पहल : शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज़ भेजना

बैंक के सदस्यों को मालूम ही है कि कंपनी कार्य मंत्रालय ने कंपनियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक पद्धति के जरिए कागज़-रहित अनुपालन की अनुमति देकर `कॉरपोरेट अभिशासन में हरित पहल' की शुरुआत की है. कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी **21** अप्रैल **2011** के परिपत्र सं. **17**/**2011** तथा **29** अप्रैल **2011** के परिपत्र सं. **18**/**2011** के अनुसार कंपनियां अब अपने शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट सहित विभिन्न सूचनाएं तथा दस्तावेज़ उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेज सकती हैं.

2. बैंक शेयरधारकों को महासभा की सूचना / अन्य सूचनाएं, वार्षिक रिपोर्ट जैसे सभी दस्तावेज़ या अन्य दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजने का प्रस्ताव करता है. इस संबंध में हम अपने सभी शेयरधारकों का यह आह्वान करते हैं कि वे इस पुनीत कार्य में योगदान करते हुए अपना ई-मेल पता हमें सूचित करें. यदि सदस्यों ने अपने डिपॉज़िटरी को या बैंक के रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट मेसर्स इन्वेस्टर सर्विसेज़ ऑफ इंडिया लिमिटेड को अपना ई-मेल पता नहीं दिया है तो उनसे अनुरोध है कि वे आप नीचे दिए गए पते पर अपना ई-मेल पता सूचित करें, ताकि हम अपने रेकॉर्ड में उसे अद्यतन कर सकें. सदस्य यह सुनिश्चित् करें कि उनके द्वारा दिया गया ई-मेल पता सही हो अन्यथा दस्तावेज़ उन तक नहीं पहुंच सकते हैं या ईमेल बाउंस हो सकता है.

3. सदस्य कृपया नोट करें कि वे ऐसे सभी पत्र-व्यवहार भौतिक रूप में प्राप्त करने के हकदार होंगे, जिसके लिए उन्हें विशिष्ट अनुरोध करना होगा.

कृते आईडीबीआई बैंक लिमिटेड

स्थान : मुंबई

तारीखः 23 **जुलाई** 2011

पवन अग्रवाल

कंपनी सचिव

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दस्तावेज़ प्राप्त करने हेतु ई-मेल पता

मैं/हम आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को कंपनी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी **21** अप्रैल **2011** के परिपत्र सं. **17/2011** के अनुसरण में नीचे उल्लेखित ई-मेल पते पर दस्तावेज़ भेजने के लिए एतदद्वारा प्राधिकृत करता / करती हूँ / करते हैं:

ई-मेल पते का विवरण

1	फोलियो संख्या	
2	ई-मेल पता	

सदस्य के हस्ताक्षर

कागज़ी स्वरूप में शेयरधारिता के मामले में कृपया निम्नलिखित पते पर भेजें:	**डिमैट रूप में शेयरधारिता के मामले में कृपया निम्नलिखित को भेजें:**
मेसर्स इन्वेस्टर सर्विसेज़ ऑफ इंडिया लिमिटेड आईडीबीआई बिल्डिंग, प्लॉट नं. **39-41** \`ए' विंग, दूसरी मंज़िल, सेक्टर **11** सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई **400 614**	डिपॉज़िटरी सहभागी, जिसके पास आपका डिमैट खाता है.